प्रसार भारती
आकाशवाणी शिमला
15.07.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

विक्रमादित्य

लोक निर्माण व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि प्रदेश में होम स्टे के संचालन की अनुमति अब हिमाचल के लोगों को ही मिलेगी। उन्होंने कहा कि गैर हिमाचली को इसके संचालन की अनुमति नहीं होगी। विक्रमादित्य ने कहा कि इस बारे में प्रदेश सरकार कानून बनाने पर विचार कर रही है। उन्होंने अपने रोहड़ू दौरे के दौरान कहा कि क्षेत्र के विकास कार्यों को सरकार प्राथमिकता दे रही है। इस दौरान उन्होंने कहा कि बढ़ियार से ढाक गांव सड़क का नवीनीकरण नाबार्ड के माध्यम से करवाया जाएगा।

मॉनसून

प्रदेश में मॉनसून के समय पर पहुंचने और आरम्भ में अच्छी वर्षा होने के बावजूद अब मॉनसून की गति धीमी पड़ गई है। राज्य में पिछले लगभग एक सप्ताह से केवल कुछ स्थानों को छोड़कर बाकी जगह मॉनसून की बारिश नहीं हुई है। इसके चलते राज्य में उमस भरी गर्मी का प्रकोप बढ़ गया है। मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक प्रदेश में अभी तक मॉनसून की वर्षा सामान्य से 25 फीसदी कम दर्ज की गई है और इस महीने के बाकी दिनों में भी राज्य में अधिक वर्षा की सम्भावना नहीं है। मौसम विज्ञान केन्द्र शिमला के निदेशक सुरेन्द्र पॉल के अनुसार बंगाल की खाड़ी में मॉनसून कुछ धीमा पड़ा है जिस कारण हिमाचल में भी मॉनसून की वर्षा में कमी आई है। उन्होंने कहा कि पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से 17 जुलाई के बाद राज्य में मॉनसून की वर्षा में कुछ वृद्धि दर्ज की जाएगी। हालांकि आज और कल प्रदेश में अधिकांश स्थानों पर वर्षा की सम्भावना नहीं है। उन्होंने कहा कि अगस्त महीने में प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में मॉनसून की सामान्य वर्षा होने का अनुमान है।

घेराव

कुल्लू के ढालपुर मैदान के आसपास से रेहड़ी व फड़ी हटाने के विरोध में आज कुल्लू रेहड़ी–फड़ी यूनियन ने सीटू के बैनर तले नगर परिषद कुल्लू कार्यालय का घेराव किया। घेराव को सम्बोधित करते हुए सीटू के जिला महासचिव राजेश ठाकुर ने नगर परिषद से स्ट्रीट वैंडरज़ एक्ट के तहत चौक–चौराहा के आसपास जगह चिन्हित कर रेहड़ी–फड़ी वालों को स्वरोजगार देने का आग्रह किया। दूसरी ओर नगर परिषद कुल्लू के कार्यकारी अधिकारी हरि सिंह यादव ने कहा कि परिषद द्वारा अवैध तौर पर दुकानदारी कर रहे स्ट्रीट वैंडरज़ के खिलाफ ही कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि ये मुहीम पूरे शहर में जारी रहेगी।

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एन टी ए ने घोषणा की है कि संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा–सीयूइटी–यूजी के प्रभावित विद्यार्थियों के लिए पुनः परीक्षा आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा 19

जुलाई को कंप्यूटर आधारित होगी। प्रभावित विद्यार्थियों की संख्या एक हजार से अधिक है। जल्द ही एडमिट कार्ड जारी कर दिये जाएंगे। एन टी ए ने कहा कि इसे आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जाएगा।

सेवादल

प्रदेश कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड की प्रदेश कार्यकारिणी को भंग कर नई कार्यकारिणी का गठन किया है। विधायक सुदर्शन बबलू को सेवादल की यंग ब्रिगेड का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। सेवादल के प्रदेश प्रमुख अनुराग शर्मा ने कहा कि संजय भारद्वाज और मस्तराम ठाकुर सेवादल यंग ब्रिगेड के कार्यकारी अध्यक्ष होंगे जबकि चेतन चौहान, शालिनी राणा और सौरभ कालिया को उपाध्यक्ष बनाया गया है। उन्होंने सभी पदाधिकारी को तुरंत अपना कार्यभार सम्भालने को कहा है। अनुराग शर्मा ने कहा कि चुनाव में निष्क्रिय रहने वाले सभी पदाधिकारियों को जल्द पद से हटाया जाएगा।

मतदाता सूचियां

सोलन के जिला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त ने जिले में आकस्मिक रिक्तियों वाली पंचायतों में मतदाता सूचियों के पुर्ननिरीक्षण की अधिसूचना जारी की है। इस संबंध में राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा रिक्तियों वाली पंचायतों की मतदाता सूचियों को विशेष पुर्ननिरीक्षण के निर्देश दिए गए हैं। अधिसूचना के अनुसार मतदाता सूचियों के प्रारूप प्रकाशन के बाद 16 से 22 जुलाई तक पुर्ननिरीक्षण प्राधिकारी के समक्ष दावे और आपत्तियां दाखिल की जा सकती हैं।

फुटबॉल टूर्नामेंट

मुख्यमंत्री के राजनैतिक सलाहकार और हिमाचल प्रदेश फुटबॉल ऐसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील शर्मा बिट्टू ने बताया कि असम में होने वाले डॉक्टर बी.सी. रॉय अंडर–17 जूनियर राष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट के लिए हिमाचल से टीम के लिए आज सोलन व कांगड़ा में खिलाड़ियों के ट्रायल संपन्न हुए। उन्होंने कहा कि 17 से 24 जुलाई तक चयनित खिलाड़ियों का ट्रेनिंग कैंप वाई.एस. परमार विश्वविद्यालय नौणी में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने ये भी कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने फुटबॉल खेल व खिलाड़ियों को हर सुविधा मुहैया करवाने का आश्वासन दिया है जिसके लिए सुनील शर्मा बिट्टू ने फुटबॉल ऐसोसिएशन और सभी खिलाड़ियों की ओर से मुख्यमंत्री का आभार जताया है।

विजय दिवस

कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ 26 जुलाई को मनाई जाएगी। इस सिलसिले में दिल्ली के राजीव चौक पर राष्ट्रीय पुस्तक न्यास और दिल्ली मेट्रो के सहयोग से एक प्रदर्शनी आयोजित की गई है। यह प्रदर्शनी 26 जुलाई तक चलेगी और इसे सुबह 11 बजे से शाम सात बजे तक देखा जा सकता है।